आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

14.03.2024 समय : 1850

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्रियों वाले अट्ठारह ओटीटी मंचों को ब्लॉक कर दिया है।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पेटीएम फास्टैग उपयोग करने वालों को सलाह दी है कि पन्द्रह मार्च से पहले किसी अन्य बैंक के फास्टैग की सुविधा प्राप्त करें।
- वन विभाग की ओर से कल नवनियुक्त अवर श्रेणी लिपिकों और कार्यकारी कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने के सिलसिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से सोलह मार्च को आई टी एफ मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- एम.वी. कैम्पबेल बे सोलह मार्च को पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्रियों वाले अट्ठारह ओटीटी मंचों को ब्लॉक कर दिया है। इनमें ड्रीम्स फिल्म्स, हंटर्स, हॉट शॉट्स वीआईपी, प्राइम प्ले और अनकट अड्डा शामिल हैं। इन मंचों के साथ जुड़े उन्नीस वेबसाइटों, दस ऐप्स और सतावन सोशल मीडिया खातों पर भारत में प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निर्णय मीडिया तथा मनोरंजन, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों से संबंधित डोमेन विशेषज्ञ और अन्य मंत्रालयों के परामर्श से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम– दो हजार के प्रावधानों के अंतर्गत लिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इन मंचों की जिम्मेदारी को लेकर कहा कि ये मंच रचनात्मक अभिव्यक्ति की आड़ में अश्लीलता और दुर्व्यवहार का प्रचार न करें। मंत्रालय ने कहा कि इन मंचों पर उपलब्ध सामग्रियों में अधिकतर अंश अश्लील और महिलाओं को आपत्तिजनक तरीके से चित्रित करने वाले पाये गये है।

<><><><><><><>

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग उपयोग करने वालों को सलाह दी है कि पन्द्रह मार्च से पहले किसी अन्य बैंक के फास्टैग की सुविधा प्राप्त करें। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि इससे फास्टैग उपयोग करने वालों को जुर्माने से बचने और राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय दोगुना शुल्क के भुगतान से बचने में मदद मिलेगी। पेटीएम पेमेंट बैंक पर प्रतिबंधों के संबंध में रिजर्व बैंक के दिशा–निर्देशों के अनुसार पन्द्रह मार्च के बाद पेटीएम फास्टैग को रिचार्ज या टॉप–अप नहीं किया जा सकेगा, लेकिन इस तिथि के बाद भी पेटीएम फास्टैग में बची राशि का उपयोग किया जा सकेगा। एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग उपयोग करने वाले सभी लोगों से देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के उपाय करने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास विभाग की ओर से दीनदयाल अंत्योदय योजना–ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पशुपालन और पशुचिकित्सा सेवा के सहयोग से हाल ही में पशु सखी के लिए आयोजित पांच सप्ताह से चली आ रही प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग के निदेशक ने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद पशु सखी अपने पशुधन को प्राथमिक उपचार देने के लिए सक्षम हो गई हैं। वे अपने खंड के पशु और पॉल्ट्री फर्म में रहने वाले पशुओं के लिए तत्कालिक

चिकित्सीय सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। ग्रामीण विकास निदेशक ने आर्थिक विकास के लिए पशुपालन के महत्व पर बल दिया। पशुपालन और पशुचिकित्सा सचिव ने प्रतिभागियों में प्रमाणपत्रों का वितरण किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की उनतीस महिलाओं ने भाग लिया।

<><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने के सिलसिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से सोलह मार्च को पोर्ट ब्लेयर के आई टी एफ मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से शाम तीन बजे से रात्रि आठ बजे तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह और आम लोगों की ओर से स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। स्कूल और कॉलेज के बालिकाओं और महिलाओं के लिए फैशन शो का आयोजन होगा तथा विभिन्न देखभाल संस्थानों के बच्चों के साथ अन्य कलाकार भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इन कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों से और जानकारी के लिए विभाग की परामर्शदाता डॉ. सारिका वर्मा से इनके मोबाइल पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

वन विभाग की ओर से कल नवनियुक्त अवर श्रेणी लिपिकों और कार्यकारी कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक के कार्यालय में आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. टी.एस अशोक कुमार ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य कर्मचारियों को राजभाषा नीति और ई–ऑफिस में हिन्दी में कार्य करने के बारे में जानकारी प्रदान करना था। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से इस कार्यशाला का लाभ उठाने और शासकीय कार्यों में हिन्दी का प्रयोग करने का अनुरोध किया। प्रशासन के राजभाषा विभाग के कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी अजय सिंह ने प्रतिभागियों को राजभाषा नीति और राजभाषा से संबंधित अधिनियमों तथा नियमों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में कुल उनतीस कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के अमृता स्वास्थ्य केन्द्र में हाल ही मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के निशुल्क उपचार के लिए आयोजित इस शिविर का उद्घाटन मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से उठाए गए कदमों की सराहना की। शिविर में करीब पैंतीस बच्चों का इलाज किया गया। उन्नीस बच्चों का कोच्चि के अमृता अस्पताल में निशुल्क उपचार किया जाएगा।

<><><><><><>

एम.वी. कैम्पबेल बे सोलह मार्च को पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा। अतिरिक्त सामानों की जांच कल दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक की जाएगी। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा जहाज रवानगी के दिन सुबह आठ बजे से किया जाएगा। जहाज सोलह मार्च को दिन में दस बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विशाल जॉली ने बकुलतला निवासी सुगंधी के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे पचहत्तर वर्ष की थी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में वात्सल्य योजना के तहत अनुबंध के आधार पर विभिन्न पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसमें पैरामेडिकल स्टाफ के चार, हाउस मदर या हाउस फादर के चार, कार्यालय अधीक्षक के एक, लेखा अधिकारी के एक, स्पेशल एजुकेटर के एक, कला, हस्तशिल्प व संगीत शिक्षक के चार, पी टी प्रशिक्षक व योग प्रशिक्षक के चार, कुक के आठ, पहरेदार के दो और हाउस कीपर के चार पद शामिल हैं। इच्छुक उम्मीदवार भरे हुए आवेदन को गोलघर स्थित समाज कल्याण विभाग में छः अप्रैल शाम पांच बजे तक जमा कर सकते हैं। पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार की तिथि और समय के बारे में फोन या ई–मेल पर जानकारी दी जाएगी। साक्षात्कार के समय उम्मीदवार को अपने मूल प्रमाणपत्रों और अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के गांधी नगर में सामुदायिक हॉल में रंग–रोगन और इसमें मरम्मत का कार्य किया गया है। इस कार्य पर करीब साढ़े पांच लाख रूपये खर्च हुए है।

<><><><><><><>